**National Webinar (Online)**
**आज के संदर्भ में वैदिक गणित की प्रासंगिकता**
**3 सितंबर 2021**

## NOTICE


हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
Central University of Himachal Pradesh
(Established under Central Universities Act 2009)
शाहपुर परिसर, शाहपुर, ज़िला काँगड़ा (हि.प्र.) - 176206
Shahpur Parisar, Shahpur, Distt. Kangra (HP) - 176206
Website: www.cuhimachal.ac.in


File No.: MTH/2-2/Workhop-Seminar/CUHP/21/ Dated: 03/09/2021

### सूचना

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, शाहपुर परिसर, शाहपुर में **श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग**, गणित, कंप्यूटर और सूचना विज्ञान स्कूल द्वारा दिनांक **3 सितम्बर, 2021** को **आज के संदर्भ में वैदिक गणित की प्रासंगिता** विषय पर **"राष्ट्रीय वेबिनार"** का **आयोजन** किया जा रहा है |

अतः **श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग** के सभी **विद्यार्थियों** एवम् **शोधार्थियों** को यह **निर्देशित** किया जाता है कि उपरोक्त **वेबिनार** के दौरान आयोजित **अतिथि व्याखानों** में अपनी **उपस्थिति** सुनिश्चित करें |

**प्रो. राकेश कुमार,**
विभागाध्यक्ष,
श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग

निम्नलिखित **को सूचनार्थ एवम् आगामी कार्यवाही हेतु प्रति अग्रेषितः-**

1. सूचना पट्ट |
2. सभी संकाय सदस्य, गणित, कंप्यूटर और सूचना विज्ञान स्कूल, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, शाहपुर परिसर, शाहपुर |
3. अधिष्ठाता, गणित, कंप्यूटर एवम् सूचना विज्ञान स्कूल, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, शाहपुर परिसर, शाहपुर |

**विभागाध्यक्ष,**
**श्रीनिवास रामानुजन गणित विभाग**


# BROCHURE

## राष्ट्रीय वेबिनार

# आज के संदर्भ में वैदिक गणित की प्रासंगिकता

(03 सितंबर 2021)

संयोजित
**वैदिक गणित अनुसंधान केंद्र (Centre for Vedic Mathematical Studies)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश
शाहपुर परिसर, १७६२०६, हिमाचल प्रदेश, भारत**







उद्घाटनकर्ता मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता, श्री अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली



मुख्य संरक्षक एवं अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) एस.पी. बंसल, माननीय कुलपति, सीयूएचपी, हिमाचल प्रदेश, भारत



श्री देश राज शर्मा, वक्ता, महामन्त्री विद्या भारती उत्तर क्षेत्र, अध्यक्ष- हिमालयन वैदिक गणितीय सोसायटी



डॉ. चेत राम गर्ग, निदेशक, नेरी शोध संस्थान



श्री गोपाल दास, शिक्षक, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र, वैदिक प्रमुख, संयुक्त सचिव-हिमालयन वैदिक गणितीय सोसायटी

**संयोजक**

प्रो (डॉ) राकेश कुमार, प्रोफेसर एवं निदेशक, वैदिक गणित अनुसंधान केंद्र, सीयूएचपी

**आयोजन सचिव**

डॉ. पंकज कुमार, सहायक प्रोफेसर, श्रीनिवासा रामानुजन गणित विभाग, सीयूएचपी

# REPORT OF THE WEBINAR

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय का वैदिक गणित अनुसंधान केंद्र**,** गणित**,** कंप्यूटर और सूचना विज्ञान स्कूल के अंतर्गत**, 3** सितंबर **2021** को **"आज के संदर्भ में वैदिक गणित की प्रासंगिकता**" विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजित किया गया।कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. पंकज कुमार के अनुसार इस वेबिनार का उद्देश्य शोधकर्ताओं और छात्रों के साथ-साथ देश के विभिन्न हिस्सों के शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों को वर्तमान परिदृश्य में वैदिक गणित की प्रासंगिकता से परिचित कराने के लिए एक आधार प्रदान करना था।इस आयोजन से हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र विशेष रूप से गणित**,** कंप्यूटर और सूचना विज्ञान स्कूल के छात्रबहुत लाभान्वित हुए।

वेबिनार के संयोजक और वैदिक गणित अनुसंधान केंद्र के मानद निदेशक प्रो. राकेश कुमार ने बताया कि इस राष्ट्रीय वेबिनार में देश के विभिन्न हिस्सों से **1000** से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण किया | इस कार्यक्रम में माननीय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी ने स्वागत भाषण दिया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्री अतुल भाई कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय संस्कृत उत्थान न्यास, नई दिल्ली ने प्रतिभागियों को वैदिक गणित की प्रासंगिकता से अवगत कराया, वक्ता श्री देश राज शर्मा**,** महामंत्री विद्या भारती उत्तर क्षेत्र, अध्यक्ष- हिमालयन वैदिक गणितीय सोसायटी ने नई शिक्षा नीति में वैदिक गणित की भूमिका तथा श्री गोपाल दास ने गणित के महत्व पर प्रकाश डाला | डॉ चेतराम गर्ग जी ने विदाई सत्र को संबोधित किया एवं प्रो. राकेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया|

## MEDIA COVERAGE

# वैदिक गणित में सर्टिफिकेट कोर्स

## राष्ट्रीय वेबिनार के दौरान सीयू के कुलपति बोले, सुविधा जल्द

दिव्य हिमाचल ब्यूरो-धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के वैदिक गणित अनुसंधान केंद्र द्वारा आज के संदर्भ में वैदिक गणित की प्रासंगिकता विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इसमें कुलपति प्रो. बंसल ने गणित, कम्प्यूटर और सूचना विज्ञान स्कूल के वैदिक गणित अनुसंधान केंद्र को वैदिक गणित में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की अनुमति प्रदान की है। इस वेबिनार में देश के विभिन्न भागों से लगभग 1700 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वेबिनार का शुभारंभ सीयू के कुलपति प्रो. एसपी बंसल ने दीप प्रज्वलन कर किया।



उन्होंने वेबिनार की रूपरेखा के बारे में बताया और साथ ही भरोसा दिलाया कि दिसंबर माह में वैदिक गणित पर एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन विश्विद्यालय द्वारा किया जाएगा। कुलपति बंसल ने गणित, कम्प्यूटर और सूचना विज्ञान स्कूल के वैदिक गणित अनुसंधान केंद्र को वैदिक गणित में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने की अनुमति प्रदान की है। वैदिक गणित भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित पाठ्यक्रम है। कुलपति ने इसके लिए गणित विभाग के सभी सदस्यों को बधाई दी है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने वर्तमान समय में वैदिक गणित की प्रासंगिकता से प्रतिभागियों को अवगत कराया। वेबिनार में प्रो. भाग चंद चौहान और डा. विक्रम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। वेबिनार के संयोजक प्रो. राकेश कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम से प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्र, विशेष रूप से गणित, कम्प्यूटर और सूचना विज्ञान स्कूल के छात्र लाभान्वित हुए।